# पारू में सामुदायिक भवन में संचालित नकली शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश



Publish Date:Thu, 10 Jun 2021 01:26 AM (IST)Author: **Jagran**

*उत्पाद विभाग की विशेष टीम ने स्पेशल अभियान के तहत बुधवार को जिले के कई जगहों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब जब्त की।*

मुजफ्फरपुर : उत्पाद विभाग की विशेष टीम ने स्पेशल अभियान के तहत बुधवार को जिले के कई जगहों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब जब्त की। इस दौरान पारू के सखरा गांव स्थित सामुदायिक भवन में संचालित नकली शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। उत्पाद विभाग की टीम ने वहां से करीब 46 लीटर शराब, 20 लीटर स्प्रिट, बड़ी संख्या में खाली बोतल, रैपर, स्टीकर आदि सामान जब्त की है। इस दौरान धंधे में शामिल तीन धंधबाजों को मौके से गिरफ्तार किया गया। हालांकि मुख्य धंधेबाज ब्रजकिशोर भगत भाग निकला। बताया

गया कि वरीय अधिकारी को सूचना मिली कि सामुदायिक भवन में स्प्रिट व केमिकल से शराब बनाई जा रही है। सूचना पर उत्पाद के दारोगा बमबम कुमार व राजेश पटेल ने संयुक्त टीम के साथ छापेमारी कर नकली शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश किया।

वहीं सकरा थाना के रामपुर मणि में उत्पाद विभाग की दूसरी टीम ने छापेमारी कर नागेंद्र राम के घर से 43 लीटर शराब जब्त की। मगर, धंधेबाज फरार हो गया। इधर, मनियारी थाना के बाघी गोपीनाथपुर इलाके से 72 लीटर शराब के साथ धंधेबाज राजीव कुमार को गिरफ्तार किया गया। यहां छापेमारी का नेतृत्व उत्पाद के इंस्पेक्टर अभिनव कुमार कर रहे थे। वहीं कुढ़नी के लदौरा के समीप सकरी सरैया-गोबरसही रोड में एक कार से 66 लीटर शराब जब्त की गई, मगर कार चालक भाग निकला। कार और शराब जब्त कर ली गई है। गायघाट थाना के जारनडीह में बंटी कुमार के घर से लगभग पांच कार्टन शराब जब्त की गई। मगर, आरोपित भाग निकला। उत्पाद अधीक्षक संजय राय ने बताया कि सभी मामलों में अभियोग दर्ज कर गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की कवायद की जा रही है। साथ ही फरार ध्ाधेबाजों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष टीम विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर रही है। --------

Source: https://www.jagran.com/bihar/muzaffarpur-duplicate-liquor-factory-in-paroo-21723647.html